# बिजली की समस्याओं के समाधान के निर्देश



सुमेरपुर नगर पालिका में विद्युत समस्याओं पर चर्चा करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि। पत्रिका

**सुमेरपुर @ पत्रिका.** नगरपालिका में आयोजित बैठक में वार्ड वार विद्युत समस्याओं पर चर्चा की गई और डिस्कॉम अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। पालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में डिस्कॉम के सहायक अभियंता विजयसिंह मीणा, कनिष्ठ अभियंता सुशीलकुमारसिंह व राजेश सोनी उपस्थित रहे। बैठक में वार्ड वार विद्युत समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। सहायक अभियंता ने विद्युत सुधार की योजनाओं एवं कार्य की प्रगति के संबंध में अवगत करवाया। पालिकाध्यक्ष ने सभी वार्डों में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल बदलने, ढीले बिजली के तारों को दुरस्त करने, अधिक दूरी होने पर बीच में नए पोल लगाकर तारों को ठीक करने, कम वॉल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या के स्थायी समाधान के लिए उच्च क्षमता के नए ट्रांसफार्मर लगाने व अन्य समस्याओं का त्वरीत समाधान करने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता ने पालिकाध्यक्ष को शीघ्र समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष मांगीलाल सुथार व वार्ड सदस्य फुलाराम सुथार शरीक रहे।

# बाल किशोरी मेले में दिखाया दमखम



सुमेरपुर के केजीबी विद्यालय में आयोजित किशोरी बाल मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि।

**सुमेरपुर (निप्र) @ पत्रिका.** सर्व शिक्षा अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पोमावा में बुधवार को आयोजित बाल किशोरी मेले में बालिकाओं ने विभिन्न प्रकार की सामग्री बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत की अध्यक्षता, अतिरिक्त परियोजना समन्वयक जगदीशचन्द्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। समारोह अध्यक्ष कुमावत ने बालिका शिक्षा को आज की जरुरत बताते हुए बालिकाओं को आत्म निर्भर बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। संस्था प्रधान आयशा पठान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मेले के आयोजन पर प्रकाश डाला। मेले में ब्लॉक क्षेत्र के 26 विद्यालयों के चार सौ बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। इससे पूर्व अतिथियों ने सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नारायणलाल कुमावत, पाबूसिंह, चतराराम मेघवाल समेत प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## मेले का किया अवलोकन

बाल किशोरी मेले में बालिकाओं ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए। जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की। इसी प्रकार अलग-अलग स्टॉल लगाए गए। जहां बालिकाओं की ओर से बनाए गए व्यंजन परोसे गए थे।

## कार्यक्रम में इनका रहा सहयोग

बाल किशोरी मेले में प्रभारी रुखसाना बानो, पर्यवेक्षक अशोक चौरडिया, नारायणलाल मारु, यशपाल सोलंकी, चन्द्रकला मीणा, उर्मिला गर्ग, रेखा मेघवाल, आरती अहिर, मदनलाल नानीवाल, चौपाराम मीणा, गंगासिंह राठौड़ आदि ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

श्रमदान


स्कूली बच्चों व विभिन्न संगठनों ने भी किया श्रमदान, भामाशाह दे रहे आर्थिक सहायता

# सिंहप्रस्थ सरोवर को संवारने राठौड़ देंगे 20 लाख रुपए

भास्कर न्यूज़ | सुमेरपुर

सिंहप्रस्थ सरोवर (सिणप तालाब) का स्वरूप बदलने के लिए 14 फरवरी को किए गए श्रमदान में हजारों शहरवासियों ने श्रमदान किया था। सिंहप्रस्थ सरोवर को लेकर रोकड़िया हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित छत्तीस कौम व विकास समिति की बैठक में सरोवर का सौदर्यीकरण व सुधार कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में उप मुख्य सचेतक मदन राठौड़ ने बीस लाख रुपए देने की घोषणा की। सदस्यों ने जन सहयोग से कार्य को अनवरत जारी रखने का संकल्प जताया। बैठक में एसडीएम महिपालकुमार भारद्वाज, पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत व नारायणलाल एवं छत्तीम कौम के पटेलों व समितियों के सदस्यों की उपस्थिति में सरोवर के सौदर्यीकरण व सुधार करने के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में उपखंड अधिकारी भारद्वाज ने सरोवर को लेकर कई तरह की योजना बनाने का सुझाव रखा।

भास्कर अभियान



आओ लौटाएं सिंहप्रस्थ सरोवर का गौरव



सुमेरपुर. सिंहप्रस्थ सरोवर में श्रमदान करते स्कूल के बच्चे व संगठन।

## स्कूली बच्चों व संगठनों ने भी किया श्रमदान

रविवार को राष्ट्रीय हिंदू परिषद द्वारा संचालित श्रीराम अखाड़ा के सदस्यों व विभिन्न स्कूली बच्चों ने सिंहप्रस्थ सरोवर में कई घंटों तक श्रमदान किया। इस अवसर पर केसरसिंह सांखला, राजेंद्र सिसोदिया, राजेश जोशी, मुकेशसिंह सोलंकी, जीतेंद्र मेघवाल सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## राठौड़ ने दिए 20 लाख रु

सिणप तालाब की बैठक में उपमुख्य सचेतक मदन राठौड़ ने हिस्सा लिया। जिसमें सिंहप्रस्थ सरोवर के सौंदर्यीकरण व सुधार कार्यों को लेकर राठौड़ ने सरोवर में गंदे पानी की निकासी व नाला निर्माण के लिए तथा सरोवर के सुधार व सौंदर्यीकरण को लेकर 20 लाख रुपए देने की घोषणा की।

## इनकी रही मौजूदगी

सिंहप्रस्थ सरोवर के सौंदर्यीकरण व सुधार को बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष करणसिंह नेतरा, प्रधान राजेंद्रसिंह कोलीवाड़ा, उपाध्यक्ष रमेश राखेचा, पेपटलाल जैन आदि मौजूद रहेंगे।

## यातायात समिति की बैठक

# यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए प्रस्ताव

**सुमेरपुर @ पत्रिका.** नगर पालिका में शनिवार को आयोजित यातायात समिति की बैठक में व्यवस्था में सुधार को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। कार्यालय में पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत के सान्निध्य व रमेश राठौड़ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन रखा गया।

बैठक में नगर की यातायात व्यवस्था एवं सुधार के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान भैरू चौक से गांधी मूर्ति, जालोर चौराहे से राजगुरु सर्किल, राजगुरु सर्किल से नई मण्डी, अग्रवाल धर्मशाला से सुभाष सर्किल तक एवं भीड़ वाले इलाकों में मार्गों पर लाइनिंग करवाने का निर्णय किया। हरे चारे की लॉरियां खड़ी रखने के लिए कच्चा रास्ता व नीलकंठ के समीप जवाई नदी और दशहरा मैदान समेत तीन स्थान तय किए गए। गांधी मूर्ति से जाखानगर तक सड़क पर वाहन खड़ा नहीं करने के लिए एजेन्सी एवं कम्पनी संचालकों को पाबंद करने का निर्णय किया। बैठक में सभी सर्किल पर अवैध रूप से लगे होर्डिंग हटाने व भविष्य में अनुमति जारी नहीं करने, बैंकों के बाहर मार्ग पर वाहन खड़े नहीं करने के लिए सभी बैंकों को पत्र लिखने और बस स्टैण्ड समेत नगर के प्रमुख मार्गों पर ई-रिक्शा संचालित करने के लिए निजी कम्पनियों व एनजीओ को आमंत्रित करने के संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए।



सुमेरपुर नगर पालिका में आयोजित यातायात समिति की बैठक में चर्चा करते सदस्य।

बैठक में यातायात पुलिस प्रभारी दौलतसिंह समेत वार्ड सदस्य पोपटलाल जैन, महबूबखान, किशनलाल, पाबूदेवी, जवानाराम मेड़तिया, सजना देवासी आदि ने सुझाव रखे। बैठक का संचालन अधिशाषी अधिकारी मुकेशकुमार ने किया।

# किशोरी बाल मेला आयोजित

## ब्लॉक की छब्बीस विद्यालयों से पांच सौ बालक-बालिकाओं ने लिया भाग

नवज्योति/सुमेरपुर।

कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पोमावा में सोमवार को एक दिवसीय किशोरी बाल मेले का आयोजन हुआ। मेले का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत ने फिता काटकर किया। संस्था प्रधान आयशा पठान ने बताया कि सुमेरपुर ब्लॉक के कुल 26 विद्यालय से चार सौ एवं स्थानीय केजीबीवी की करीब सौ छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय किशोरी बाल मेले में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियो का बहुमान साफा व पुष्पहार से किया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कुमावत ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए ऐसे आयोजन होने चाहिए। सरकार भी बालिका शिक्षा को लेकर नई-नई योजनाए बन रही है ताकि मातृशक्ति को बढावा मिल सके।





उन्होंने बालिकाओं से उच्च शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया। वहीं अतिरिक्त परियोजना अधिकारी जगदीश चन्द्र राठौड़ ने जिले भर में सर्व शिक्षा अभियान के तहत संचालित केजीबीवी में होने वाली गतिविधियों एंव बालिकाओं को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओ के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बालिकाओं द्वारा अलग-अलग थीम की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इससे पूर्व अतिथियो द्वारा कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलित कर किया गया।

**इनकी रही मौजूदगी:** किशोरी बाल मेले में बालिका प्रभारी मोतीसिंह, नरपतसिंह, लीलाधर शर्मा, मेला प्रभारी रूखसाना बानो, पर्यवेक्षक अशोक चौरडिया, समाजसेवी नारायणलाल कुमावत, पाबूसिंह राजपुरोहित, पार्षद चतराराम मेघवाल, भूरसिंह, अध्यापिका चन्द्रकला मीणा, उर्मिला गर्ग, रेखा मेघवाल, आरती अहिर, रेणु सोनी एवं अध्यापक नारायणलाल मारू, यशपाल सोलंकी, मदनलाल नानीवाल, चौपाराम मीणा, गंगासिंह राठौड़, रामावतार सोनी, रूपाराम, भोपालसिंह चौहान, निशा चौहान, अनीता शर्मा, अमृतलाल व अन्य मौजूद रहे। अंत में संस्था प्रधान आयशा पठान ने आभार व्यक्त किया।

**लापरवाही**} गत वर्ष एक हजार से अधिक लोगों को लगाने पड़े इंजेक्शन, लावारिस श्वानों की संख्या में हो रहा इजाफा

# श्वानों के हमले की बढ़ती घटनाओं से आमजन परेशान

**सुमेरपुर @ पत्रिका.** नगर में लावारिस श्वानों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। गली मोहल्लों में जहां भी निगाह डालो इनके झुण्ड घुमते नजर आते है।

आए दिन श्वानों के काटने की घटनाएं हो रही है, लेकिन समस्या के प्रति प्रशासन गंभीर नहीं है। ऐसे में श्वानों के हमले की बढ़ती घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है।

नगर में आवारा श्वानों का भय बढ़ता जा रहा है। जवाई नदी पुलिया, साकेत आश्रम रोड, होली चौक, पाली बस स्टैण्ड, नहर के पास, भैरू चौक समेत अन्य गली मोहल्लों में हर समय आवारा श्वानो का जमावड़ा नजर आता है। विगत दिनों इनकी संख्या में इजाफा हुआ है। जवाई पुलिया व रपट के आसपास तो पचास से अधिक श्वानों की फौज रहती है। रात के समय एक साथ इतने श्वानो को देखकर लोग भयभीत हो जाते है। वाहन चालकों के पीछे ये दौड़ते है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है।



सुमेरपुर जवाई पुलिया के समीप रात के समय श्वानों का जमावड़ा।

## बढ़ते हमलों ने उड़ाई नींद

नगर में लावारिस श्वानों के बढ़ते हमले की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है। गली मोहल्लो में आए दिन श्वानों द्वारा लोगों को काटने की घटनाएं हो रही है। पीड़ित नागरिक उपचार के लिए प्रतिदिन चिकित्सालय पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चों की संख्या अधिक होती है। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आंकड़ों पर नजर डाले तो गत वर्ष जनवरी से दिसम्बर माह तक चिकित्सालय में उपचार के लिए 1015 लोग पहुंचे। इन लोगों को चिकित्सालय में इंजेक्शन लगाकर उपचारित किया गया।

## अपशिष्ट डालने से बढ़ रही समस्या

सुमेरपुर व शिवगंज क्षेत्र के मांस विक्रेता बूचड़ खाने का अपशिष्ट जवाई नदी पुलिया व रपट के आसपास डाल रहे है। निजी चिकित्सालयों का बायो मेडिकल वेस्ट भी नदी के आसपास डाला जाता है, जिसकी वजह से वहां इनका जमावड़ा लगा रहता है। ऐसी सामग्री खाने से श्वानों में संक्रमण का भय बना रहता है। संक्रमित श्वान के काटने से रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी भी हो सकती है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन समस्या के प्रति गंभीर नहीं है।

श्वानों के काटने की घटनाएं सामने आई है। अधिकारी को निर्देश दिए है। शीघ्र ही अभियान चलाकर आवारा श्वानों की धरपकड़ की जाएगी। नदी में अपशिष्ट डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की योजना बनाई है।
**जोराराम कुमावत,** अध्यक्ष, नगर पालिका मण्डल सुमेरपुर

**निरीक्षण** } कंकरीट में मार्बल व ग्रेनाइट के टुकड़े मिले

# 'काम में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो'

**सुमेरपुर @ पत्रिका.** उपमुख्य सचेतक ने विवेकानंद नगर क्षेत्र में निर्माणाधीन टाउन हॉल निर्माण कार्य का अवलोकन किया और कार्य की गुणवत्ता पर प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश प्रदान किए। उप मुख्य सचेतक मदन राठौड़ शनिवार शाम टाउन हॉल पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

मौके पर डाली गई कंकरीट निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं थी। कंकरीट में मार्बल व ग्रेनाइट के टुकड़े मिले हुए थे। जिस पर उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी से कंकरीट वापस लौटाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार राजेन्द्रसिंह से कहा कि हॉल की छत डालने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। थोड़ी सी लापरवाही भविष्य के लिए गंभीर समस्या व किसी हादसे का कारण बन सकती है। ऐसे बड़े कार्य बार बार नहीं होते।



सुमेरपुर में निर्माणाधीन टाउन हॉल का निरीक्षण करते उपमुख्य सचेतक।

उन्होंने हॉल व बालकनी का निरीक्षण कर स्टेज व बालकनी की ऊंचाई एक फीट बढ़ाने के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत को क्वालिटी कंट्रोल अधिकारी बुलवाकर कार्य के गुणवत्ता की जांच करवाने के लिए निर्देशित किया। कनिष्ठ अभियंता नेतराम से कहा कि निर्माण कार्य व उपयोग में ली जा रही सामग्री पर प्रभावी निगरानी रखी जाए। उन्होंने जेईएन को प्रत्येक पखवाड़े निर्माण कार्य की प्रगति संबंधित रिपोर्ट बनाकर प्रेषित करने को कहा। तत्पश्चात राठौड़ ने विवेकानंद बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया। यात्रियों से बातचीत कर समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के बाद व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष करणसिंह राजपुरोहित व संजय बघेल समेत प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।


GARIMA
DIGITAL STUDIO
SHEOGANJ mo-9414767691

## करेंगे कार्रवाई

जवाई नदी में व्यवस्थाओं के सुधार के संबंध में निर्देश दिए हैं। दोनों कस्बों का नगर पालिका प्रशासन संयुक्त रूप से योजना बना रहा है। नदी में बायो मेडिकल वेस्ट व अपशिष्ट डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**महिपाल कुमार भारद्वाज,** एसडीएम सुमेरपुर

## हटाएंगे अतिक्रमण

जवाई नदी की भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में तहसीलदार को निर्देशित किया है। आवश्यक कार्रवाई पूर्णकर नदी में किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

**शक्तिसिंह भाटी,** एसडीएम शिवगंज

## जुर्माना वसूला जाएगा

सरकारी व गैर सरकारी ठेकेदारों की बैठक लेकर नदी में कचरा व मलबा नहीं डालने के लिए पाबंद किया जाएगा। निगरानी के प्रबंध किए जा रहे हैं। ऐसा करते हुए पाए जाने पर जुर्माना वसूली व वाहन जब्त करवाने की कार्रवाई की जाएगी।

**कंचन सोलंकी,** पालिकाध्यक्ष शिवगंज

## दोनों नगरपालिका बना रही प्रस्ताव

दोनों रपटों की दशा में सुधार व सौंदर्यकरण के लिए दोनों नगर पालिका संयुक्त रूप से प्रस्ताव बना रही हैं। बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लेकर स्वीकृति के बाद कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा। अन्य समस्याओं के संबंध में निर्देश दिए हैं।

**जोराराम कुमावत,** पालिकाध्यक्ष सुमेरपुर

# चयनित प्रतिभाओं को नगर पालिका करेगी सम्मानित

**सुमेरपुर (निप्र) @ पत्रिका.** नगर पालिका में शनिवार को आयोजित विभिन्न समितियों की बैठक में प्रशासनिक सेवाओं में चयनित नगर की प्रतिभाओं को सम्मानित करने व गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या को लेकर चर्चा की गई।

पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत के सानिध्य व शिक्षा, संस्कार एवं जन कल्याण समिति, अपराधों का समन और समझौता समिति अध्यक्ष जवानाराम मेडतिया व शीतल अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। कार्यालय अधीक्षक अरुण शर्मा व ओमप्रकश देवासी ने कार्रवाई विवरण का वाचन किया। शिक्षा, संस्कार एवं जन कल्याण समिति की बैठक में वर्ष 2014-15 के दौरान आईएएस, आईपीएस, आरएएस व आरपीएस में चयनित नगर की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवधि के बाद चयनित होने वाली प्रतिभाओं का सम्मान राष्ट्रीय पर्व पर करने का निर्णय किया। इसी प्रकार गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत करने, गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों, समाजसेवियों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरकारी कार्मिकों को नगर पालिका की ओर से पारितोषिक व स्मृति चिन्ह देने का निर्णय किया। इसी प्रकार अपराधों का समन व समझौता समिति की बैठक में भवन निर्माण की अनुमति प्राप्त करने वाले वाणिज्यक निर्माण में एनओसी का गलत उपयोग करने पर संबंधित के विरुद्ध नोटिस जारी करने व राजस्व वसूली का प्रस्ताव लिया गया। इसके अलावा नगर में चोरी की घटनाओं में पर अंकुश लगाने, रात्रि गश्त बढ़ाने व रात्रि आठ बजे के बाद हो रही अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस व आबकारी विभाग को लिखने का निर्णय किया। बलदेवसिंह कॉलोनी स्थित आबकारी थाने का अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए उपखण्ड अधिकारी व आबकारी विभाग को पत्र लिखने का निर्णय किया। बैठक में समिति सदस्य के रुप में मेहबूबखान, पाबूदेवी, पेपीदेवी, भूरसिंह परमार, सदना देवासी, शारदा जीनगर, किशनलाल वछेटा, मगनाराम सुथार, चतराराम मेघवाल व पोपटलाल जैन मौजूद रहे।

समाधान की साझा | सुमेरपुर व शिवगंज उपखण्ड व नगरपालिका प्रशासन की संयुक्त बैठक में अन्य समस्याओं के समाधान पर भी हुई चर्चा

# जवाई को संवारने का अभियान 16 से

## रपटों का होगा सौंदर्यीकरण

**सुमेरपुर @ पत्रिका.** उपखण्ड और पालिका प्रशासन अब जवाई नदी की सुध लेगा। सुमेरपुर व शिवगंज उपखण्ड और पालिका प्रशासन की मंगलवार शाम को आयोजित संयुक्त बैठक में जवाई नदी के स्वरूप में सुधार व समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने जवाई नदी का निरीक्षण कर सुधार के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि राजस्थान पत्रिका ने जवाई नदी की दुर्दशा पर शृंखलाबद्ध समाचार प्रकाशित किए उसके बाद प्रशासन चेता।

स्थानीय उपखण्ड कार्यालय में उपखण्ड अधिकारी महिपाल कुमार भारद्वाज सुमेरपुर व उपखण्ड अधिकारी शक्तिसिंह भाटी शिवगंज के सानिध्य में बैठक हुई। बैठक में पालिकाध्यक्ष जोगाराम कुमावत सुमेरपुर व पालिकाध्यक्ष कंचन सोलंकी शिवगंज, अधिशाषी अधिकारी मुकेशकुमार व भीमसिंह देवल उपस्थित रहे।



सुमेरपुर व शिवगंज के बीच स्थित जवाई नदी का अवलोकन करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

## 16 से चलेगा सफाई अभियान

बैठक में जवाई नदी में कचरा व मलबा डालने, बायो मेडिकल वेस्ट व बूचड़ खानों का अपशिष्ट फैंकने, गंदा पानी छोड़ने, सम्पर्क मार्ग की दुर्दशा, अतिक्रमण आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जवाई नदी की सफाई के लिए 16 जनवरी को दोनों नगर पालिका की ओर से संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय किया।

## हटेंगी झाड़ियां

इस दौरान जवाई प्रमुख मार्गों पर सीसी टीवी कैमरे लगाने, जवाई पुलिया की मरम्मत करवाने, पाल्डी जोड़ कमठाल नाका क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी बबूल की झाड़ियों की कटिंग, शिवगंज तहसील से कानपुरा तक शेष बचे मार्ग को अतिक्रमण व बबूल हटाकर चौड़ा करने आदि के बारे में चर्चा की और कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्णय किया। बैठक में समाजसेवी राजेन्द्र सोलंकी समेत सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## नदी का किया अवलोकन

बैठक के बाद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने जवाई नदी का अवलोकन किया। नीलकंठ महादेव के समीप रपट का निरीक्षण किया। व्यवस्था में सुधार व आने वाली दिक्कतों पर चर्चाकर सुधार के लिए कार्य योजना बनाई। इसी प्रकार संकेत आश्रम से छीपावास को जोड़ने वाली जवाई की नदी का निरीक्षण किया। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने रपट की मरम्मत करवाने, रपट के पास पिलर लगाने व रोशनी का पुख्ता प्रबंध करने का संकल्प जताया। इस दौरान दोनों कस्बों के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## नदी में से हटेंगे अतिक्रमण

पालिका व निजी ठेकेदारों को नदी में कचरा व मलबा नहीं डालने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए। पुरानी रपट व पुलिया के पास वाली रपट की मरम्मत कर सुन्दर बनाने व नदी में वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए पिलर लगाने का निर्णय कर योजना बनाने के निर्देश दिए। बायो मेडिकल वेस्ट व अपशिष्ट डालने वालों को पाबंद करने और ऐसा करते हुए पाए जाने पर कार्रवाई करने का निर्णय किया। नदी में किए गए अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित किया। नदी में छोड़े जा रहे गंदे पानी की निकासी का समुचित प्रबंध करने के पालिका प्रशासन को निर्देश दिए।



# श्वान व पिंडो के मरने से लोग परेशान



**नवज्योति/सुमेरपुर।** शहर के जसाजी व राजाजी कॉलोनी में पिछले दो दिनों से दर्जनों श्वान (कुत्ते)व पिंड (सुअरों) के अचानक हो रही मृत्यु से वार्ड वासी परेशान हो रहे हैं। हालांकि पालिका प्रशासन द्वारा मृतक जानवरों के शवों को मौके से हटवाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार रविवार को जसाजी-राजाजी कॉलोनी में विचरण करने वाले श्वान व पिंड किसी जहरीली खाद्य सामग्री का सेवन करने से अचानक मरने का सिलसिला शुरू हुआ जो सोमवार तक जारी रहा। वार्ड वासियों ने बताया कि पिछले दो दिनों में करीब 20 श्वान व 10 पिंड मर चुके हैं। उक्त घटना के संबंध में सोमवार को वार्ड की महिलाए एकत्रित होकर पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत से मुलाकात कर मुक्त पशुओ की हो रही मृत्यु पर रोकथाम करवाने की अपील की ताकि मानव जीवन पर संकट उत्पन्न ना हो।

**जवाई नदी** } सुमेरपुर व शिवगंज नगर पालिका प्रशासन ने सफाई कार्य शुरू किया

# नदी का बदलने लगा स्वरूप



सुमेरपुर. जवाई नदी में सफाई कार्य करती दोनों नगर पालिकाओं की जेसीबी।



सुमेरपुर. जवाई नदी में पड़े बायो मेडिकल वेस्ट का अवलोकन करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**राजस्थान पत्रिका**

**प्रकाशित समाचार**




## जेसीबी मशीन लगाकर शुरू की गई सफाई

## अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कहा

सुमेरपुर @ पत्रिका. सुमेरपुर व शिवगंज नगर पालिका प्रशासन ने शनिवार को संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाकर जवाई नदी में सफाई कार्य प्रारंभ किया। इस दौरान दोनों क्षेत्रों के उपखण्ड अधिकारी व पालिकाध्यक्ष मौजूद रहे। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने नदी का अवलोकन कर समस्याओं पर चर्चा की और समाधान के लिए निर्देश प्रदान किए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार सवेरे नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेशकुमार सुमेरपुर व भींवसिंह देवल शिवगंज सफाई कर्मचारियों व नगर पालिका के संसाधनों के साथ जवाई नदी पहुंचे। जहां उपखण्ड अधिकारी महिपालकुमार भारद्वाज सुमेरपुर व उपखण्ड अधिकारी शक्तिसिंह भाटी शिवगंज, पालिकाध्यक्ष ओटाराम कुमावत सुमेरपुर व पालिकाध्यक्ष कंचन सोलंकी शिवगंज की उपस्थिति में जवाई नदी में सफाई कार्य प्रारंभ किया गया। सर्व प्रथम जवाई नदी पुलिया के समीप जेसीबी मशीन से कचरा व मिट्टी उठाकर ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से अन्यत्र स्थान पर डाला गया। उसके बाद दोनों जेसीबी मशीन लगाकर रपट के समीप जवाई नदी में सफाई शुरू की गई। कचरे व मलबे के ढेरों को दूर हटाकर गड्ढों में डाला। रपट के आसपास इलाके की सफाई कर सम्पूर्ण भू-भाग को समतल किया। जेसीबी से खाई खोदकर गंदे पानी की निकासी का प्रबंध किया। दोनों नगर पालिकाओं के सफाई कर्मचारी संसाधनों के साथ शाम तक नदी की सफाई करने में जुटे रहे। पुलिया व रपट के पास सफाई होने से नदी साफ सुथरी नजर आने लगी। पालिका के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने कहा कि जवाई नदी में संयुक्त अभियान जारी रहेगा। अभियान के दौरान पुलिया व रपट एवं ढोलावास रपट के आसपास सम्पूर्ण सफाई कर नदी के स्वरूप में सुधार किया जाएगा।

## जवाई नदी का निरीक्षण कर दिए निर्देश

अभियान के दौरान उपखण्ड अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने जवाई नदी का निरीक्षण किया। जवाई नदी में रपट के समीप बायो मेडिकल वेस्ट का ढेर पड़ा था। जगह-जगह कचरे व निर्माण सामग्री का मलबा पड़ा था। गंदा पानी नदी के वातावरण को प्रदूषित कर रहा था। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ सभी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। नदी में कचरा, मलबा, बायो मेडिकल वेस्ट, शहर की अपशिष्ट, निर्माण सामग्री डालने वालों को पाबंद करने, नीलकंठ के सामने नाला बनाकर गंदे पानी की निकासी का प्रबंध करने, निगरानी का पुख्ता प्रबंध करने, नदी के आसपास सूचना बोर्ड लगाने व अतिक्रमियों के विरुद्ध कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष रमेश राठौड़, समाजसेवी राजेन्द्र सोलंकी, स्वास्थ्य निरीक्षक चैनाराममलसिंह, पवनसिंह पीसार, वार्ड सदस्य ललाराम परिहार शिवगंज, जुगलराम सुथार, पेमाराम जैन, चतराराम देवासी, लक्ष्मीनारायण मालवीय, महबूबखान, किशनलाल, रूपचंद घांचीया, दीपक भाटी, हनुमान मंदिर के संत शिवनारायण महाराज, क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष जगदीश मेवाड़ा सहित प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### करेंगे कार्रवाई

जवाई नदी में व्यवस्थाओं के सुधार के संबंध में निर्देश दिए हैं। दोनों कस्बों का नगर पालिका प्रशासन संयुक्त रूप से योजना बना रहा है। नदी में बायो मेडिकल वेस्ट व अपशिष्ट डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
**महिपाल कुमार भारद्वाज**, एसडीएम सुमेरपुर

### हटाएंगे अतिक्रमण

जवाई नदी की भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में तहसीलदार को निर्देशित किया है। आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर नदी में किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।
**शक्तिसिंह भाटी**, एसडीएम शिवगंज

### जुर्माना वसूला जाएगा

सरकारी व गैर सरकारी ठेकेदारों की बैठक लेकर नदी में कचरा व मलबा नहीं डालने के लिए पाबंद किया जाएगा। निगरानी के प्रबंध किए जा रहे हैं। ऐसा करते हुए पाए जाने पर जुर्माना वसूली व वाहन जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।
**कंचन सोलंकी**, पालिकाध्यक्ष शिवगंज

### दोनों नगरपालिका बना रही प्रस्ताव

दोनों रपटों की दशा में सुधार व सौंदर्यकरण के लिए दोनों नगर पालिका संयुक्त रूप से प्रस्ताव बना रही है। बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लेकर स्वीकृति के बाद कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा। अन्य समस्याओं के संबंध में निर्देश दिए हैं।
**ओटाराम कुमावत**, पालिकाध्यक्ष सुमेरपुर

## अभियान लाया रंग

पिछले दिनों राजस्थान पत्रिका में अभियान के रूप में जवाई नदी की व्यथा व दुर्दशा को लेकर सिलसिलेवार समाचार प्रकाशित हुए। समाचारों में जवाई नदी में कचरा व मलबा डालने, बायो मेडिकल वेस्ट व बूचड़खानों का अपशिष्ट डालने, बिना मकसद बांध बनाकर जलप्रवाह रोकने, अतिक्रमण व प्रशासनिक उपेक्षा को उजागर किया गया। मामला उजागर होने के बाद दोनों कस्बों का प्रशासन हरकत में आया। उपखण्ड अधिकारी महिपालकुमार भारद्वाज ने मामले की गंभीरता से लेते हुए दोनों कस्बों के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की। जिसमें जवाई नदी के स्वरूप में सुधार के लिए सफाई अभियान शुरू करने का निर्णय किया गया। दोनों रपटों के सौंदर्य करण व समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए कार्य योजना बनाई गई। शनिवार को रपट व पुलिया के आसपास सफाई होने के बाद इलाका साफ सुथरा नजर आने लगा। जिसकी दोनों कस्बों के नागरिकों ने सराहना की।

**समारोह** | ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में 140 विद्यार्थी लाभान्वित

# लेपटॉप पाकर प्रतिभाओं के खिले चेहरे

**सुमेरपुर @ पत्रिका.** राजस्थान सरकार की मेधावी विद्यार्थी लेपटॉप वितरण योजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में सरकारी विद्यालयों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में लेपटॉप का वितरण किया गया।



सुमेरपुर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में लेपटॉप का वितरण करते अतिथि व कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

शोभावत सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्य सचेतक मदन राठौड़ ने कहा कि प्रतिभाओं को तराशने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अभिभावकों को भी बच्चों की रुचि व इच्छाओं को ध्यान में रखकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। ताकि प्रतिभावान विद्यार्थी अपने लक्ष्य को सुगमता से हासिल कर सके। उन्होंने अपनी संघर्ष पूर्ण जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो व्यक्ति मुसीबतों का मुकाबला करना सीख जाता है, उसकी राह आसान हो जाती है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ लिखकर बड़ा आदमी बनने व माता पिता का सपना साकार करने के लिए प्रेरित किया। उपखण्ड अधिकारी महिपालकुमार भारद्वाज ने कहा कि अपनी प्रतिभा तभी सार्थक होती है जब उसका उपयोग समाज व राष्ट्र हित में किया जाए। उन्होंने लघु कथाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। भाजपा जिलाध्यक्ष करणसिंह राजपुरोहित ने विद्यार्थियों से लैपटॉप का सदुपयोग करने का आह्वान किया। नगर पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत ने सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रधान राजेन्द्रसिंह देवड़ा ने योजना को लाभकारी बताते हुए विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज व परिवार का नाम रोशन करने की अपील की। लेपटॉप वितरण प्रभारी श्यामसुन्दर लोहार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने सत्र 2013-14 व 2014-15 के कुल 140 प्रतिभावान छात्र छात्राओं में लेपटॉप व बैग का वितरण किया। समारोह में अतिथि के रूप में मांगीलाल देवड़ा, समाजसेवी गणेश विश्वकर्मा, पालिका उपाध्यक्ष रमेश राखेचा मंचासीन थे। प्रारंभ में आयोजन समिति सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। छात्र छात्राओं के भोजन की व्यवस्था दानदाता शिवलाल, रमेशकुमार चौधरी व गणेश विश्वकर्मा और नाश्ते की व्यवस्था पुखराज की ओर से की गई। अंत में प्रधानाचार्य देवीसिंह चौहान ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में केसराम मेड़तिया, सुभाष मेवाड़ा, प्रभुसिंह पंवार, विजयसिंह गुर्जर, प्रवीण दवे, मोतीलाल नागर, घीसूलाल गर्ग, प्रतापसिंह राजपुरोहित समेत प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

**श्रमदान अभियान** 〉 दानदाताओं ने उपलब्ध करवाए संसाधन, समाजसेवियों व छात्रों ने किया श्रमदान

# श्रमदान से सिंहप्रस्थ सरोवर का बदलने लगा स्वरूप

**सुमेरपुर @ पत्रिका.** स्वयंसेवी संगठन पदाधिकारियों व विद्यार्थियों ने रविवार को सिंहप्रस्थ सरोवर (सीणप तालाब) में श्रमदान किया। दानदाताओं के सहयोग से उपलब्ध करवाए गए संसाधन तालाब का स्वरूप सुधारने में जुटे रहे।

आज सवेरे आर्ट ऑफ लिविंग से प्रेरित होकर वकील महेन्द्र गहलोत के नेतृत्व में महावीर इंटरनेशनल सुमेरपुर-शिवगंज के दल के सदस्यों और श्रीराम अखाड़ा सदस्यों व स्कूलीय विद्यार्थियों ने तालाब पहुंचकर श्रमदान किया। उन्होंने तालाब की पाळ पर स्थित झाड़ियों को काटकर दूर हटाया और साफ सफाई की। आसपास का कचरा उठाकर उसका निस्तारण किया। इस दौरान सदस्यों ने तालाब सुधार व सौंदर्यीकरण कार्य में तन, मन व धन से सहयोग करने का संकल्प जताया।

## स्वरूप सुधारने में जुटे संसाधन

तालाब में अर्थ वर्क के लिए रविवार को प्रधान राजेन्द्रसिंह व राकेश मंडिया ने अपनी ओर से दो पोकलेण्ड मशीनें उपलब्ध करवाई। इसी प्रकार अन्य दानदाताओं की ओर से डम्पर की व्यवस्था की गई। दोनों पोकलेण्ड मशीनें दिनभर तालाब की खुदाई करने व गड्ढों में मिट्टी डालकर भू-भाग को समतल करने में जुटी रही। इस दौरान पुरानी पाळ को चौड़ा करने का कार्य भी किया गया। दोनों मशीनों से कार्य इतना तेजी से हुआ कि शाम तक तालाब का स्वरूप बदला-बदला सा नजर आने लगा। समाजसेवी किशनसिंह, अमृत परिहार, वार्ड सदस्य पुखराज सुथार आदि कार्यकर्ता कार्य पर निगरानी में जुटे रहे।

## तालाब सुधार कार्य का किया निरीक्षण

उपखण्ड अधिकारी महिपालकुमार भारद्वाज, पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत व समाजसेवी तखतसिंह राठौड़ ने विकास समिति सदस्यों के साथ तालाब में चल रहे सुधार कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेकर दानदाताओं व सहयोगकर्ताओं की संसाधान उपलब्ध करवाने के लिए पीठ थपथपाई और आगे भी सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान तालाब सुधार कार्य की आगामी योजना पर विचार विमर्श करते हुए कार्यकर्ताओं को निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आमजन से तालाब सुधार कार्य में तन, मन व धन से सहयोग करने की अपील की। इस दौरान संयोजक जहीरूद्दीन पठान, जोरावरसिंह चौहान, शांतिलाल आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



सुमेरपुर के सीणप तालाब में चल रहे सुधार कार्य में जुटे दानदाताओं द्वारा उप करवाए गए संसाधन व मशीनें।

# शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण व अन्य गतिविधियों को दे बढ़ावा: राठौड़

## ग्लोबल पब्लिक स्कूल का वार्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

भास्कर न्यूज़ | सुमेरपुर

उपमुख्य सचेतक मदन राठौड़ ने कहा कि अभिभावकों व शिक्षकों के मध्य बेहतर तालमेल व अच्छे वातावरण के साथ शिक्षण कार्य कराने से विद्यालय में श्रेष्ठ परिणाम की प्राप्ति होती है। वे रविवार को ग्लोबल पब्लिक स्कूल के वार्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने चरित्र निर्माण व अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं व बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा कालबेलिया, घूमर आदि नृत्य प्रस्तुत किए। संस्था प्रधान बालकिशन गहलोत ने बच्चों से शिक्षा के साथ सहशैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने को भी कहा।

### प्रतिभाओं को किया सम्मानित

ग्लोबल पब्लिक स्कूल के वार्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपमुख्य सचेतक मदन राठौड़ व पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत सहित अतिथियों ने विद्यालय में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को चांदी के मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।




सुमेरपुर. वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्रों को सम्मानित करते उप मुख्य सचेतक मदन राठौड़।

### यह थे मौजूद

सांस्कृतिक कार्यक्रम में एसडीएम महिपालकुमार भारद्वाज, भाजपा जिलाध्यक्ष व उपप्रधान करणसिंह नेतरा, प्रधान राजेंद्रसिंह, उपाध्यक्ष रमेश राखेचा, बीईईओ परबतसिंह राठौड़, डीएसपी अमरसिंह चंपावत, तहसीलदार विमलेंद्र राणावत, थानाधिकारी सुमेरसिंह राठौड़, संस्था अध्यक्ष नारायणलाल बोराणा, समाजसेवी मांगीलाल देवड़ा व मंछाराम बोराणा आदि मौजूद थे।

# भूमाफियाओं की नजर अब पालिका की जमीन पर

## पालिका प्रशासन कराएगा मामला दर्ज



सुमेरपुर में बस स्टैण्ड के सामने अतिक्रमियों द्वारा तोड़े गए पीलर व तारबंदी।

**सुमेरपुर @ पत्रिका.** इन दिनों भू-माफिया की नजर नगर पालिका की भूमि पर टिकी हुई है। दो रोज पूर्व किसी अज्ञात व्यक्ति ने बस स्टैण्ड के सामने पहाड़ी के समीप स्थित भूमि पर अतिक्रमण की नियत से पालिका द्वारा पीलर लगाकर की गई तारबंदी को तोड़ दिया और अन्दर गड्ढे खोद डाले। नगर पालिका ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करवाने का निर्णय किया है। जमीन की बढ़ती कीमत व बस स्टैण्ड की सफलता को देखते हुए भू-माफिया अब आसपास खाली पड़ी सरकारी भूमि हथियाने के प्रयासों में जुट गया है। किसी ने सड़क किनारे की जमीन पर केबिन लगा दिए हैं तो कोई पत्थर डालकर अतिक्रमण कर रहा है। शुक्रवार रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने पहाड़ी के समीप खाली पड़ी भूमि पर नगर पालिका द्वारा की गई तारबंदी व पीलरों को तोड़ दिया। तारबंदी के भीतर निशान के रूप में गड्ढे खोद डाले। तारबंदी तोड़ने से पालिका को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। रविवार सवेरे पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत को मामला नजर में आया। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को मामले की जांच व दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अब पालिका प्रशासन अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अतिक्रमण की नियत से सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज करवाने की तैयारियों में जुट गया है। सोमवार को इस संबंध में स्थानीय पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया जाएगा। इनका कहना हैकिसी अज्ञात व्यक्ति ने अतिक्रमण की नियत से पीलर व तारबंदी को तोड़ा है। रविवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को इस संबंध में पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया जाएगा। अतिक्रमियों के विरूद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।फोटो कैप्शन- एसयू 22 एनसीएसुमेरपुर में बस स्टैण्ड के सामने अतिक्रमियों द्वारा तोड़े गए पीलर व तारबंदी।

# इश्तिहार लगाना पड़ा महंगा, प्रकरण दर्ज

**सुमेरपुर @ पत्रिका.** पुलिस ने नगर पालिकाकर्मी की रिपोर्ट पर राजस्थान सम्पत्ति निरुपण निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ की है।

पुलिस को पालिकाकर्मी बाबुलाल परमार ने रिपोर्ट में बताया कि सुमेरपुर मानसरोवर के समीप मारवाड़ आईटी कम्प्यूटर के संचालक मोहम्मद आरिफ ने बिना किसी अनुमति के सरकारी भवनों व स्कूल के बाहर आरएससीआईटी के पोस्टर लगाकर भवनों के स्वरूप को खराब किया है।

इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच उप निरीक्षक बाबुखां को सौंपी है। इसी प्रकार पुलिस ने पाली के एक सैक्स क्योर सेंटर संचालक के खिलाफ तहसील रोड स्थित विद्युत पोल पर इश्तिहार लगाने के मामले में राजस्थान सम्पत्ति निरुपम निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया। इसकी जांच उप निरीक्षक इंदाराम कर रहे है।

# सार्वजनिक पुस्तकालय भवन का किया शिलान्यास



नवज्योति/सुमेरपुर।

प्रधान राजेंद्रसिंह कोलीवाड़ा ने कहा कि विद्यालय प्रांगण में आधुनिक पुस्कालय भवन के निर्माण होने के बाद यहां अध्ययनरत छात्रों को अधिक किताबी ज्ञान की पुस्तकें मिलने से छात्रों की बौद्धिक क्षमता का प्रभावी विकास संभव है। गुरूवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुमेरपुर के प्रांगण सर्वशिक्षा अभियान के तत्वावधान में राजकीय सार्वजनिक पंचायत समिति पुस्तकालय भवन के निर्माण पूर्व शिलान्यास समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान राजेंद्रसिंह ने कहा कि पुस्तकालय आधुनिक तकनीक पर आधारित बनवाने की कोशिश होनी चाहिए। उपप्रधान करणसिंह नेतरा ने कहा कि सुमेरपुर में पंचायत स्तरीय पुस्तकालय भवन विशेष संसाधनो से युक्त बनने पर इसका लाभ छात्रों को मिलेगा। यहां वर्ष 2001 से पुस्तकालय भवन विद्यालय के एक कक्ष में संचालित हो रहा था। अब आधुनिक भवन बनने के बाद राहत हो सकेगी। नगरपालिका अध्यक्ष जोराराम कुमावत ने कहा कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लंबे समय से भवन निर्माण के लिए कार्यवाही की जा रही थी। इस संबंध में उपमुख्य सचेतक मदन राठौड़ ने सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से प्राप्त तकमीने पर विकास के लिए 22 लाख की राशि राज्य सरकार से स्वीकृत करवाई है। आयोजन में नगर पालिका उपाध्यक्ष रमेश राखेचा ने भी कहा कि पुस्तकालय भवन अपने निर्धारित समय में बनना चाहिए। इसके लिए विद्यालय प्रशासन इसके निर्माण की गुणवत्ता की जांच समय समय पर कर योगदान देवे।

आयोजन के पूर्व पं. नवरत्न शर्मा के सानिध्य में वैद्धिक मंत्रोच्चार के बीच शिलान्यास का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मांगीलाल सुथार, पार्षद श्यामलाल चावरिया, किशन वछेठा, लक्ष्मीनारायण मालवीय, कार्यवाहक प्रधानाचार्य चंदनसिंह चौहान, बीईईओ परबतसिंह राठौड़, शिक्षक प्रतापसिह राजपुरोहित, पंकज गहलोत, चंदनपुरी गोस्वामी, पुस्तकालय अध्यक्ष संतोष कुमार व्यास ने भी स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# सीएलजी सुमेरपुर में सोहम् आज

**सुमेरपुर।** सीएलजी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के अंतर्गत संचालित सीएलजी इंजीनियरिंग कॉलेज, सीएलजी फार्मेसी कॉलेज व सीएलजी सीनियर सैकंडरी स्कूल, सुमेरपुर के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव सोऽहम् 2016 का आयोजन शनिवार शाम 5.30 बजे सीएलजी कैंपस सुमेरपुर किया जाएगा। सीएलजी ग्रुप के चेयरमैन डॉ सीएल गहलोत ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर उपमुख्य सचेतक मदन राठौड़ व अध्यक्षता के तौर पर सुमेरपुर नगरपालिका के अध्यक्ष जोराराम कुमावत मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिंगर सोनाली बहुगुणा भी प्रस्तुतियां देंगी। कार्यक्रम में मंच का संचालन आरजे रेक्स द्वारा किया जाएगा। समारोह के दौरान श्रेष्ठ विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# बजट को किसी ने बताया अच्छा, किसी ने कमजोर

नवज्योति/सुमेरपुर।

केंद्र सरकार के सोमवार को संसद में पेश बजट पर भाजपा व कांग्रेस पार्टी की मिली जुली प्रतिक्रिया हुई हैं। भाजपा ने बजट को आम जनता को समर्पित बताया। वहीं कांग्रेस सेवा दल प्रवक्ता विजय सिंह शेखावत ने कहा कि मध्यम, किसान एवं व्यापारी वर्ग को कोई राहत नहीं मिली हैं।

केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट जनता के उपर अधिभार हैं। केंद्र की एनडीए की समस्याओं से अनभिज्ञ होने के कारण जमीन से जुड़े लोगों को कोई लाभ नहीं दिया गया, नहीं रोजगार के अवसरों के विषय में कुछ छुट दी गई। इस बजट से केवल जनता को गुमराह किया जा रहा हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष करण सिंह नेतरा ने कहा कि बेराजगारों, किसानों, आम आदमी, व्यापारियों तथा उद्योगपतियों को लाभांवित करने के लिए कई सौंगाते दी गई हैं। वहीं पालिकाध्यक्ष जोराराम कुमावत ने इसे ग्रामीण विकास के लिए उपयोग बताते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग व किसानों के लिए बजट उपयुक्त साबित होगा जिससे कई बड़े दुरगामी परिणाम सामने आएंगे।